# नेपा लिमिटेड में सामूहिक शपथ और श्रम दान के साथ स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ



**जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले बुरहानपुर।** नेपानगर मे केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक कार्यालय परिसर में महाप्रबंधक विपणन अजय गोयल ने स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत की जो एक पखवाड़े तक चलने वाला अभियान है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वच्छता पखवाड़ा के महत्व को इस अवसर के रूप में रेखांकित किया कि, यह स्वच्छ परिवेश बनाए रखने के प्रयासों पर फिर से ध्यान केंद्रित करने का अवसर है।देश और विदेश में कई शहर स्वच्छ और सुंदर है, यह वास्तव में शासन प्रशासन के अथक प्रयासों के साथ साथ वहां के नागरिकों की प्रतिबद्धता का सुखद परिणाम हैं।जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि भारत सरकार के दिशा निर्देशन और सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के मार्गदर्शन में नेपा लिमिटेड में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।इस अवसर पर स्वच्छता के प्रति व्यक्ति की प्रतिबद्धता, स्वच्छता के लिए प्रति वर्ष सौ घंटे समर्पित करने और स्वच्छ भारत अभियान 2024 के संदेश का प्रचार करने पर केंद्रित स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। शपथ के पश्चात सभी ने संस्थान के प्रशासनिक कार्यालय परिसर में स्वच्छता हेतु सामूहिक श्रमदान भी किया। इस अवसर पर प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी, प्रबंधक संपदा प्रशांत कुमार बैथालु,प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव, सहायक प्रबंधक आईटी विजय भामरे, सहायक प्रबंधक विपणन प्रशांत सोनी, नेपा मिल्स श्रमिक संघ के अध्यक्ष देवीदास लोखंडे,उमाशंकर द्विवेदी,शिरीष येलवनकर,राजेंद्र चौधरी,दीपक ठाकुर, नीलेश पाटिल,मुकेश चौहान,प्रदीप चौरे, मिलिंद किरंगे,युवराज मोदी,ओपी शुक्ला,सुनील राजपूत,मुनीश्वर धीमन, सुरेश रघुवंशी,पवन कुमार,काजोल बुग्गीवाला,जगदीश प्रसाद पटेल,मोहम्मद इलियास सिद्दीकी, ईशान व्यास,मीत भट्ट, माधुरी धामन्देकर, प्रतीक गणेचर, शिवनंदन उमाले,मीना श्रीवास्तव सहित कई अफसर कर्मी उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर बुरहानपुर 19-08-2024

**सेवा •** नेपा मिल में स्वच्छता पखवाड़ा शुरू, अफसरों और कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई

# नेपा मिल परिसर में अफसर-कर्मियों ने किया श्रमदान

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड नेपानगर के प्रशासनिक कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। नेपा मिल के महाप्रबंधक विपणन अजय गोयल ने स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत की। यह अभियान एक पखवाड़े तक चलने वाला है। उन्होंने कहा- यह अवसर स्वच्छ परिवेश बनाए रखने का है। देश और विदेश में कई शहर स्वच्छ और सुंदर हैं। यह वास्तव में शासन-प्रशासन के अथक प्रयासों के साथ-साथ वहां के नागरिकों की प्रतिबद्धता का सुखद परिणाम हैं।

जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया भारत सरकार के निर्देश और सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के मार्गदर्शन में नेपा लिमिटेड में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसमें स्वच्छता के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर स्वच्छता के प्रति व्यक्ति की प्रतिबद्धता, स्वच्छता के लिए प्रति वर्ष 100 घंटे समर्पित करने और स्वच्छ भारत अभियान 2024 के संदेश का प्रचार करने पर केंद्रित स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। शपथ के बाद सभी ने संस्थान के प्रशासनिक कार्यालय परिसर में स्वच्छता के लिए सामूहिक श्रमदान भी किया। इस दौरान मिल के प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन महेंद्र केशरी, प्रबंधक संपदा प्रशांत कुमार बैथालु, प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव, सहायक प्रबंधक आईटी विजय भामरे, सहायक प्रबंधक विपणन प्रशांत सोनी, नेपा मिल्स श्रमिक संघ के अध्यक्ष देवीदास लोखंडे, उमाशंकर द्विवेदी, शिरीष येलवनकर, राजेंद्र चौधरी, दीपक ठाकुर, निलेश पाटिल, मुकेश चौहान, प्रदीप चौरे, मिलिंद किरंगे, युवराज मोदी, ओपी शुक्ला, सुनील राजपूत, मुनीश्वर धीमन, सुरेश रघुवंशी, पवन कुमार, काजोल बुग्गीवाला, जगदीश प्रसाद पटेल, मोहम्मद इलियास सिद्दीकी, ईशान व्यास, मीत भट्ट, माधुरी धामंदेकर, प्रतीक गणेचर, शिवनंदन उमाले, मीना श्रीवास्तव सहित अफसर कर्मचारी मौजूद थे।




अफसर, कर्मचारियों ने श्रमदान कर झाड़ू लगाई।

---

नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक कार्यालय परिसर में चलाया अभियान

# स्वच्छता पखवाड़ा शुरू, अफसर-कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई

पत्रिका अभियान

स्वच्छ हो शहर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड नेपानगर के प्रशासनिक कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। नेपा मिल के महाप्रबंधक विपणन अजय गोयल ने स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत की। यह अभियान एक पखवाड़े तक चलने वाला है। उन्होंने कहा यह अवसर स्वच्छ परिवेश बनाए रखने का है। देश और विदेश में कई शहर स्वच्छ और सुंदर हैं। यह वास्तव में शासन, प्रशासन के अथक प्रयासों के साथ साथ वहां के नागरिकों की प्रतिबद्धता का सुखद परिणाम हैं।

जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया भारत सरकार के निर्देश और सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के मार्गदर्शन में नेपा लिमिटेड में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर स्वच्छता के प्रति व्यक्ति की प्रतिबद्धता, स्वच्छता के लिए प्रति वर्ष सौ घंटे समर्पित करने और स्वच्छ भारत अभियान 2024 के संदेश का प्रचार करने पर केंद्रित स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई।

शपथ के बाद सभी ने संस्थान के प्रशासनिक कार्यालय परिसर में स्वच्छता के लिए सामूहिक श्रमदान भी किया। इस दौरान मिल के प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन महेंद्र केशरी, प्रबंधक संपदा प्रशांत कुमार बैथालु, प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव, सहायक प्रबंधक आईटी विजय भामरे, सहायक प्रबंधक विपणन प्रशांत सोनी, नेपा मिल्स श्रमिक संघ के अध्यक्ष देवीदास लोखंडे, उमाशंकर द्विवेदी, शिरीष येलवनकर, राजेंद्र चौधरी, दीपक ठाकुर आदि उपस्थित थे।




नेपा मिल ने चलाया स्वच्छता अभियान।

# सामूहिक शपथ और श्रमदान के साथ स्वच्छता पखवाड़ा का किया शुभारंभ




दैनिक प्राईम संदेश जिला ब्यूरो चीफ
मोहम्मद इक़बाल

**बुरहानपुर।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक कार्यालय परिसर में शुक्रवार को महाप्रबंधक विपणन अजय गोयल ने स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत की जो एक पखवाड़े तक चलने वाला अभियान है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वच्छता पखवाड़ा के महत्व को इस अवसर के रूप में रेखांकित किया कि यह स्वच्छ परिवेश बनाए रखने के प्रयासों पर फिर से ध्यान केंद्रित करने का अवसर है । देश और विदेश में कई शहर स्वच्छ और सुंदर है यह वास्तव में शासन- प्रशासन के अथक प्रयासों के साथ साथ वहां के नागरिकों की प्रतिबद्धता का सुखद परिणाम हैं। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि भारत सरकार के दिशा निर्देश और सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के मार्गदर्शन में नेपा लिमिटेड में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर स्वच्छता के प्रति व्यक्ति की प्रतिबद्धता, स्वच्छता के लिए प्रति वर्ष सौ घंटे समर्पित करने और स्वच्छ भारत अभियान 2024 के संदेश का प्रचार करने पर केंद्रित स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। शपथ के पश्चात सभी ने संस्थान के प्रशासनिक कार्यालय परिसर में स्वच्छता हेतु सामूहिक श्रमदान भी किया। इस अवसर पर प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केसरी, प्रबंधक संपदा प्रशांत कुमार बैथालु, प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव, सहायक प्रबंधक आईटी विजय भामरे, सहायक प्रबंधक विपणन प्रशांत सोनी, नेपा मिल्स श्रमिक संघ के अध्यक्ष देवीदास लोखंडे, उमाशंकर द्विवेदी, शिरीष येलवनकर, राजेंद्र चौधरी, दीपक ठाकुर, नीलेश पाटिल, मुकेश चौहान, प्रदीप चौरे, मिलिंद किरंगे, युवराज मोदी, ओपी शुक्ला,सुनील राजपूत, मुनीश्वर धीमन, सुरेश रघुवंशी, पवन कुमार, काजोल बुग्गी वाला, जगदीश प्रसाद पटेल, मोहम्मद इलियास सिद्दीकी, ईशान व्यास, मीत भट्ट, माधुरी धामन्देकर, प्रतीक गणेचर, शिवनंदन उमाले, मीना श्रीवास्तव सहित कई अफसर कर्मी उपस्थित थे।